बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

परीक्षा कार्यक्रम एवं आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–22/2024, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-3)

विज्ञापन संख्या–22/2024, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-3) दिनांक– 15.03.2024 को दो पालियों तथा दिनांक–16.03.2024 को एकल पाली में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार राज्य स्थित 26 जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी :–

परीक्षा की तिथि	(प्रथम पाली– 09.30 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक)	(द्वितीय पाली– 02.30 बजे अपराह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक)
15.03.2024 (शुक्रवार)	विषयः– गणित एवं विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय वर्गः 6–8 के सभी विषय	विषयः– सामान्य, उर्दू एवं बांग्ला i. शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय वर्गः 1–5 के सभी विषयों के लिए विषयः– सामान्य ii. अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग वर्गः 1–5
परीक्षा की तिथि	एकल पाली (12.00 बजे मध्याह्न से 02.30 बजे अपराह्न तक)	
16.03.2024 (शनिवार)	विषयः– हिन्दी, बांग्ला, उर्दू, संस्कृत, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, ललित कला, नृत्य, शारीरिक शिक्षा, मैथिली, संगीत एवं समाजिक विज्ञान। i. शिक्षा विभाग वर्गः 9–10 (माध्यमिक तथा विशेष विद्यालय अध्यापक पद के सभी विषयों के लिए) ii. अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग वर्ग : 6–10 (कम्प्यूटर विज्ञान, संगीत/कला विषय को छोड़कर शेष सभी विषय)	

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–07.03.2024 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (25 kb) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं यदि किसी अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन में नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम में त्रुटि है तो प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व फोटोग्राफ अपलोड करते हुए अपना सही नाम/पिता का नाम/माता का नाम निर्धारित स्थान पर अंकित करेंगे। उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. सभी अभ्यर्थी प्रति पाली प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक–12.03.2024 से उपलब्ध करायी जायेगी। दिनांक 14.03.2024 तक प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।

5/3/2024

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना